सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून/लखनऊ, उत्तर प्रदेश 19 जुलाई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान परम श्रद्धेय बाबा नीब करौरी महाराज जी द्वारा लखनऊ में गोमती नदी के पावन तट पर स्थापित प्रसिद्ध हनुमान सेतु मंदिर में हनुमान जी के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और बजरंगबली से प्रदेश व देशवासियों की सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य कामना की। इसके उपरांत राज्यपाल ने लखनऊ के डालीगंज स्थित भगवान शिव को समर्पित मनकामेश्वर मंदिर में भोलेनाथ जी के दर्शन कर पूजा–अर्चना की।

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण कर परिसर की शैक्षणिक, शोध व नवाचार गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि समृद्ध विरासत से सुसज्जित यह विश्वविद्यालय ज्ञान, संस्कृति व राष्ट्रनिर्माण का प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए आंगनबाड़ी केंद्र का भी भ्रमण किया। उन्होंने नन्हे बच्चों की मुस्कान और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। राज्यपाल ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल उच्च शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि प्राथमिक शिक्षा, पोषण और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

..........0..........